दैनिक प्रातः कालीन राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 64 मुरादाबाद 27 June 2022 (Monday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## जीवन का अधिकार भी छीन लिया, आपातकाल के भयावह दौर को कभी न भूले युवा पीढ़ी: पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 90वां एपिसोड रहा। मोदी ने इस दौरान आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा, क्या आपको पता है कि आपके माता-पिता जब आपकी उम्र के थे तो एक बार उनसे जीवन का भी अधिकार छीन लिया गया था! आप सोच रहे होंगे कि ऐसा कैसे हो सकता है? ये तो असंभव है। लेकिन मेरे नौजवान साथियो, हमारे देश में एक बार ऐसा हुआ था। ये बरसों पहले 1975 की बात है। जून का वही समय था, जब इमरजेंसी लगाई गई थी।मोदी ने कहा, अमृत महोत्सव सैकड़ों वर्षों की गुलामी से मुक्ति की विजय गाथा ही नहीं, बल्कि आजादी के बाद के 75 वर्षों की यात्रा भी समेटे हुए है। इतिहास के हर अहम पड़ाव से सीखते हुए ही हम आगे बढ़ते हैं। आज जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष का पर्व मना रहा है, अमृत महोत्सव मना रहा है, तो आपातकाल के उस भयावह दौर को भी हमें कभी भी भूलना नहीं चाहिए। आने वाली पीढ़ियों को भी भूलना नहीं चाहिए। इमरजेंसी के दौरान देशवासियों के संघर्ष का गवाह रहने का, साझेदार रहने का सौभाग्य मुझे भी मिला था।

### भारत के लोकतंत्र को कुचल देने का प्रयास किया

प्रधानमंत्री ने कहा, उस समय भारत के लोकतंत्र को कुचल देने का प्रयास किया गया था। देश की अदालतें, हर संवैधानिक संस्था, प्रेस, सब पर नियंत्रण लगा दिया गया था। सेंसरशिप की ये हालत थी कि बिना स्वीकृति कुछ भी छापा नहीं जा सकता था। मुझे याद है, तब मशहूर गायक किशोर कुमार जी ने सरकार की वाह-वाही करने से इनकार किया तो उन पर बैन लगा दिया गया। रेडियो पर से उनकी एंट्री ही हटा दी गई।भारत इतने सारे क्षेत्रों में सफलता का आकाश छू रहा पीएम मोदी ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियो, हम में से शायद ही कोई ऐसा हो, जिसने अपने जीवन में आकाश से जुड़ी कल्पनाएं न की हों। बचपन में हर किसी को आकाश के चांद-तारे उनकी कहानियां आकर्षित करती हैं। युवाओं के लिए आकाश छूना, सपनों को साकार करने का पर्याय होता है। आज हमारा भारत जब इतने सारे क्षेत्रों में सफलता का आकाश छू रहा है, तो आकाश, या अन्तरिक्ष, इससे अछूता कैसे रह सकता है! बीते कुछ समय में हमारे देश में स्पेस सेक्टर से जुड़े कई बड़े काम हुए हैं।

### मिताली महज एक असाधारण खिलाड़ी नहीं बल्कि...

उन्होंने कहा, मैं आज भारत की सर्वाधिक प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में एक मिताली राज की भी चर्चा करना चाहूंगा। उन्होंने इसी महीने क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, जिसने कई खेल प्रेमियों को भावुक कर दिया है। मिताली, महज एक असाधारण खिलाड़ी नहीं रही हैं, बल्कि अनेक खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी रही हैं। मैं मिताली को उनके भविष्य के लिए ढ़ेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।

## यह बंदरों का डांस लग रहा है... महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट पर बोले असदुद्दीन ओवैसी



महाराष्ट्र में चल रहे राजनीतिक संकट को AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बंदरों का डांस बताया है। ओवैसी ने कहा कि महा विकास अघाड़ी को इस ममले पर विचार करने दें। हम सामने आ रहे ड्रामा पर नजर रख रहे हैं। महाराष्ट्र की सत्ताधारी पार्टी में से एक शिवसेना के 37 विधायक बागी हो गए हैं। बागी विधायकों का नेतृत्व एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। फिलहाल ये बागी विधायक असम के गुवाहाटी में एक होटल में डेरा डाले हुए हैं। अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र संकट को लेकर शनिवार को कहा, %महा विकास अघाड़ी को इस मामले पर विचार करने दें। हम सामने आ रहे ड्रामा पर नजर रख रहे हैं... यह बंदरों का डांस लग रहा है। एक शाखा से दूसरी शाखा में कूदने वाले बंदरों की तरह काम कर रहे हैं।%बागी विधायक बोले- एकनाथ शिंदे उनके नेता शिवसेना के असंतुष्ट विधायक दीपक केसरकर ने शनिवार को कहा कि विधायक दल में बागी गुट के पास दो तिहाई बहुमत है और उन्होंने महाराष्ट्र के वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे को अपना नेता नियुक्त किया है। केसरकर ने कहा कि उन्होंने शिवसेना नहीं छोड़ी है, लेकिन अपने समूह का नाम शिवसेना (बालासाहेब) रखा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 16 या 17 लोग 55 विधायकों के समूह के नेता को नहीं बदल सकते हैं और शिवसेना का बागी गुट शिंदे को शिवसेना समूह के नेता के रूप में बदलने के महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल के आदेश को अदालत में चुनौती देगा।

### आठवले बोले अल्पमत में महाराष्ट्र की सरकार

वहीं, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार अब विधानसभा में अल्पमत में है क्योंकि शिवसेना के दो तिहाई विधायक बागी नेता एकनाथ शिंदे के साथ चले गए हैं। आठवले ने कहा, %शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के पास दो तिहाई से अधिक विधायकों का समर्थन है जिसके बाद एमवीए सरकार अल्पमत में आ गई है। फडणवीस ने मुझे बताया कि इस घटनाक्रम में भारतीय जनता पार्टी की कोई भूमिका नहीं है।

## 2024 के लिए यूपी की जनता ने दिया स्पष्ट संदेश, रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में जीत पर बोले सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में मिली जीत को 2024 में होने वाले आम चुनाव के लिए जनता का संदेश बताया है। सीएम योगी ने कहा कि यह जीत भाजपा की नीतियों और पीएम मोदी के लिए लोगों के विश्वास का परिणाम है। दोनों सीटों पर रिजल्ट घोषित होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस करते हुए सीएम योगी ने बिना नाम लिये अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने दंभी, नकारात्मक सोच रखने वालों और परिवारवादी ताकतों को स्पष्ट संदेश दिया है। जनता अब परिवारवादियों, जातिवादियों और पेशेवर माफियाओं को प्रश्रय देने वाले राजनीतिक दलों को स्वीकार करने वाली नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास करते हुए सबके विश्वास को अर्जित किया है। यह जनादेश उसी विश्वास का परिणाम है। योगी ने कहा कि यह चुनाव पीएम मोदी के विजन को आगे बढ़ाने का अभियान है। 2024 में विजयश्री के लिए यह दूरगामी संदेश भी है। 2024 में यूपी में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी। भाजपा यूपी की 80 में से 80 सीटें जीतेगी। आज के विजय में यह संदेश स्पष्ट रूप से आया है। सीएम योगी ने कहा कि दोनों चुनौतीपूर्ण लड़ाई को भाजपा ने जीत में बदलकर 2024 के लिए एक दूरगामी संदेश दे दिया है। PM मोदी के नेतृत्व में सरकार की सकारात्मक, सर्वसमावेशी और कल्याणकारी योजनाओं, गांव, गरीब, किसान, महिलाएं और समाज के हर वर्ग के लिए जो काम किए गए हैं वो जनता ने हाथों हाथ लिए हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर लोकसभा के दो उपचुनाव में डबल इंजन की भाजपा सरकार ने डबल जीत प्राप्त की है। आदरणीय प्रधानमंत्री का यशस्वी नेतृत्व, प्रदेश भाजपा का नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का साथ लगातार डबल इंजन की भाजपा सरकार को प्राप्त हुआ है। इससे पहले योगी ने ट्वीट करके कहा कि रामपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव में मिली विजय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में जन-कल्याणकारी नीतियों पर डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रति आमजन के विश्वास की मुहर है। रामपुर की जनता का हृदय की गहराइयों से आभार!



# उपचुनाव नतीजों के बाद असदुद्दीन ओवैसी का मुसलमानों को खास संदेश, सपा को बताया निकम्मी पार्टी



आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा ने प्रदेश की मुख?य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) को झटका देते हुए दोनों सीट पर कब्जा कर लिया। आजमगढ़ में भोजपुरी गायक और अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ तो रामपुर में घनश्याम सिंह लोधी को जीत मिली। इन उपचुनाव के नतीजों के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया सामने आई है। ओवैसी ने जहां मुसलमानों को खास संदेश दिया है वहीं, समाजवादी पार्टी को निकम्मी पार्टी बताया है। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार शाम ट्वीट करते हुए कहा कि रामपुर और आजमगढ़ चुनाव के नतीजे से साफ जाहिर होता है कि सपा में भाजपा को हराने की न तो काबिलियत है और ना कुव्वत। मुसलमानों को चाहिए कि वो अब अपना कीमती वोट ऐसी निकम्मी पार्टियों पर जाया करने के बजाये अपनी खुद की आजाद सियासी पहचान बनाए और अपने मुकद्दर के फैसले खुद करे। ओवैसी से पहले सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान ने रामपुर में मिली हार पर कहा कि जीत को हार में बदला गया। उन्होंने कहा कि इसे न चुनाव कह सकते हैं न चुनावी नतीजे आना कह सकते हैं। 900 वोट के पोलिंग स्टेशन में सिर्फ 6 वोट डाले गए और 500 के पोलिंग स्टेशन में सिर्फ 1 वोट डाला गया... जिस तरह से वोट डाले गए, हम अपने प्रत्याशी की जीत मानते हैं। उन्होंने आगे चुनौती देते हुए कहा कि ईमानदारी से चुनाव हो जाए। मैं कहता हूं अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत आए। वह यहां चुनाव कराए। खुले मैदान में चुनाव हो जाए। अगर हम हार गए तो राजनीति का मैदान हमेशा के लिए छोड़ देंगे। वहीं, रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव के नतीजों से उत्साहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन परिणामों के जरिए जनता ने वर्ष 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दूरगामी संदेश दे दिया है। सीएम योग ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा में जनता ने इस विजयश्री के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 2024 की विजयश्री के लिए दूरगामी संदेश भी दिया है। आज की विजय ने यह संदेश बहुत स्पष्ट रूप से सभी के सामने प्रस्तुत किया है कि 2024 में भाजपा उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ 80 में से 80 सीट पर विजय श्री की ओर अग्रसर हो रही है।


# बच्चों की लड़ाई में बड़े भी हुए शामिल

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बरेली- शबनम पत्नी राजू निवासी हुसैन बाग चौकी बाकर गंज थाना किला रहने वाली घरेलू महिला है शबनम के बच्चे बाहर खेल रहे थे जिस पर पड़ोस में रहने वाली महिला सीमा पत्नी अकील बच्चों पर तेज हुई मोहल्ले वालों ने आपस में मामले को शांत करा दिया शाम को दांत लगाए बैठी सीमा व उसके परिवार वाले शबनम के घर में घुस गए जा शबनम व उसके परिवार के साथ मारपीट की मोहल्ले वालों ने आकर मामले को शांत किया शबनम ने अपने को दिल का मरीज बताया और यह लोग अक्सर कोई भी बहाने से विवाद पैदा करते हैं मौके पर शबनम के द्वारा डायल 112 पुलिस को बुलाया अपनी शिकायत दर्ज कराई जिससे जिससे सीमा को बुरा लगा जिसके बाद सीमा द्वारा शबनम व उसके परिवार पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती रहेगी मोहल्ले की महिलाओं से जानकारी लेने पर पता चला सीमा के घर पर आए दिन नए लोग आते हैं जिसके मोहल्ले वाले काफी विरोध करते हैं शबनम और उसके मोहल्ले के निवासियों ने हस्ताक्षर कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को 21 जून को प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें अभी तक सीमा पर कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई यह शबनम का कहना है

# पुराने आशिक को रास्ते से हटाने और मुआवजा राशि हड़पने के लिए रची किशोरी के साथ मिलकर एसिड अटैक की साजिश



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-पुराने आशिक को रास्ते से हटाने और मुआवजा राशि हड़पने के लिए रची किशोरी के साथ मिलकर एसिड अटैक की साजिश! घटना सीसीटीवी फुटेज सामने अपने पर हुआ मामले का खुलासा! एसिड अटैक नहीं बल्कि स्कूटी फिसलने से घायल हुई थी नाबालिग किशोरी। नाबालिग किशोरी ने दोस्त के साथ मिलकर रची एसिड अटैक की झूठी कहानी। इस साजिश के माध्यम से अपने पुराने आशिक से छुटकारा पाना चाहती थी किशोरी! पुलिस की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पकड़े गए अभियुक्त जीशान ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर रची एसिड अटैक की काल्पनिक कहानी का हुआ खुलासा। एसएसपी उदय शंकर के निर्देशन पर इंटेलिजेंस विंग टीम और थाना कोतवाली नगर टीम ने किया घटना का पर्दाफाश। एटा कोतवाली नगर क्षेत्र के शांति नगर में हुई थी घटना।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कॉल डिटेल से मिले कई सुराग, रेलवे ठेकेदार की पहली पत्नी घर से फरार



लखनऊ जिले के कैंट के निलमथा में शनिवार दिनदहाड़े रेलवे ठेकेदार और बिहार के हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र ठाकुर उर्फ गोरख ठाकुर (42) की हत्या के मामले में पुलिस अभी खाली हाथ है। शक के दायरे में आयी पहली पत्नी प्रियंका बिहार में अपने घर से फरार मिली। कमिश्नरेट पुलिस के सम्पर्क करने पर वहां की पुलिस उसके घर पहुंची थी। बिहार पुलिस से भी लखनऊ पुलिस को कई जानकारियां मिली है। इसके अलावा वीरेन्द्र के मोबाइल की तीन दिन की कॉल डिटेल पुलिस ने खंगाली है। इससे भी कई तथ्य हाथ लगने का दावा किया जा रहा है। लखनऊ के उसके करीबी और राह में रोड़ा बनने वाले ठेकेदारों का भी ब्योरा तैयार किया जा रहा है। उधर पोस्टमार्टम हाउस पर वीरेन्द्र के कई साथी पहुंचे थे पर ये लोग कुछ बोल नहीं रहे थे। कैंट पुलिस ने लखनऊ और आस पास के जिलों में वीरेन्द्र के चल रहे ठेके के बारे में जानकारी जुटायी है। दो लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। वहीं फरार सुरक्षा गार्ड के बारे में भी सुराग मिल गये हैं।

## बिहार में हत्या के बाद दुश्मनी बढ़ गई थी

बिहार के नरकटियागंज में वर्ष 2014 में शम्भूराम की वर्चस्व में हत्या कर दी गई थी। इसमें वीरेन्द्र को ही मुख्य आरोपित बनाया गया था। इस हत्या के बाद वीरेन्द्र का दबदबा बढ़ गया था। उसे वहां सब गोरख ठाकुर नाम से जानते थे। इस घटना के बाद उसकी जब कई लोगों से रंजिश बढ़ी तो उसने लखनऊ में ठिकाना बना लिया था। फिर यहां रहकर वह बिहार और पश्चिम बंगाल के ठेके हथियाने लगा था। बेतिया में एक करोड़ 29 लाख रुपये के ठेके के विवाद में ही लखनऊ में उस पर फायरिंग की गई थी। इसमें एक महिला समेत पांच लोग जेल गये थे। इस हत्याकाण्ड को भी पुलिस वीरेन्द्र की हत्या से जोड़ कर देख रही है। इसके आरोपितों से पूछताछ करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें एक आरोपित जेल में है बाकी जमानत पर बाहर है।

## सात दिन में बिहार के कई नम्बरों पर बात हुई

एडीसीपी ने बताया कि वीरेन्द्र की कॉल डिटेल निकलवायी गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कॉल डिटेल के मुताबिक सात दिन में वीरेन्द्र की बिहार के कई नम्बरों पर बात हुई है। इन सभी नम्बरों पर पुलिस सम्पर्क कर कुछ तथ्यों की पड़ताल कर रही है। दो नम्बर ऐसे मिले हैं जिन पर सबसे ज्यादा बात होती थी। ये नम्बर बिहार और लखनऊ के लोगों के हैं पर ये दोनों ही एक दूसरे को नहीं जानते हैं। पुलिस इस बारे में वीरेन्द्र की पत्नी खुशबू और करीबी दोस्तों से भी पूछताछ करेगी।

## 52 सीसी फुटेज और खंगाले गये

पुलिस ने रविवार को घटनास्थल के आस पास 52 और सीसी फुटेज खंगाले। इनमें कई में बदमाश दिखे हैं। इन फुटेज के आधार पर ही पुलिस ने बदमाशों के आने और वारदात के बाद फरार होने का रूट चार्ट तैयार किया है। इन बदमाशों ने पुलिस की वर्दी और सेना की कैप पहन कर शनिवार दिनदहाड़े कैंट में पत्नी, दो बच्चों और तीन गार्ड को बंधक बना कर कमरे में ठेकेदार वीरेन्द्र को गोलियों से छलनी कर दिया था। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में उनकी पहली पत्नी प्रियंका पर हत्या की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। शूटरों के बारे में बिहार से भी जानकारी जुटायी जा रही है।

# आजम खां के गढ़ में खिला कमल, जीत के बाद घनश्याम लोधी बोले- जनता ने विकास पर जताया भरोसा

रामपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने 42192 हजार वोटों से जीत हासिल की है। उन्हें कुल 367397 वोट मिले, जबकि सपा प्रत्याशी आसिम राजा को 325205 वोट मिले।जीत हासिल करने के बाद घनश्याम सिंह लोधी बोले रामपुर की जनता ने विकास पर विश्वास जताया है। रामपुर लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी ने सपा के प्रत्याशी आसिम रजा को करीब 42192 हजार वोटों से शिकस्त दी है। सपा नेता आजम खां के गढ़ में कमल खिलने से भाजपा के खेमे में खुशी की लहर है। भाजपा प्रत्याशी को कुल 367397 वोट मिले, जबकि सपा प्रत्याशी आसिम राजा को 325205 वोट मिले। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड ने भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी को विजयी घोषित कर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। जीत हासिल करने के बाद घनश्याम सिंह लोधी बोले रामपुर की



जनता ने विकास पर विश्वास जताया है। कहा कि विकास के लिए काम करेंगे। जनता ने सेवक चुना है, जनता के लिए काम करूंगा। भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता ने काम किया। बता दें, सपा नेता आजम खां के लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रामपुर संसदीय क्षेत्र में उप चुनाव हुए। इसके लिए 23 जून गुरुवार को मतदान हुआ। जिले में करीब 41.71 फीसद मतदान हुआ। जिले में कुल 1706590 मतदाता हैं, इनमें से 706440 मतदाताओं ने मतदान किया था। रविवार 26 जून को मंडी समिति में मतगणना हुई।दोपहर करीब ढाई बजे मतगणना परिणाम जारी कर दिए गए। इसमें भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को 367397 वोट मिले और सपा प्रत्याशी आसिम राजा को 325205 वोट मिले। इस प्रकार भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी 42192 वोटों से जीत गए।

# मुरादाबाद में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा सीतावनी आश्रम को लेकर, किया गया मीटिंग का आयोजन




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- दौलत बाग स्थित भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज नें निजी कार्यालय पर मीटिंग करते हुए, रोहित चंदेल नें मीटिंग के दौरान बताया कि सीतावनी आश्रम को लेकर रामनगर में एक बड़ी सभा का आयोजन रविवार को किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता धर्मज रामकिशोर संचालन महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद नें किया, बैठक को संबोधित करते हुए रोहित चंदेल नें बताया भावाधस काफी अरसे से सीतावनी (बाल्मीकि) आश्रम की लड़ाई लड़का आ रहा है। जिसमें भावाधस (भीम) को अधिक सफलता मिली है, और 26. 06. 2022 को भावाधस की महत्वपूर्ण बैठक रामनगर आरंभ में होनी है। और इस मीटिंग को सफल बनाने के लिए हम सरकार से मांग करते हैं कि हमारी मांग पूरी की जाए। बैठक में वीर फकीरचंद नागवंशी, गौरव, ऋषभ चंदेल, दीपक, आकाश, हरकेश, लाखन, अजय, सतपाल, करन, रमेश, राजीव, सतीश, विक्की, संजय राजौरी, नरेश, अजीत और सुरेश उपस्थित रहे।

# चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने युवक को पकड़ा

मुरादाबाद-थानाक्षेत्र के ग्राम सिहाली गनीमतनगर में शनिवार रात चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने युवक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थानाक्षेत्र के ग्राम सिहाली गनीमतनगर निवासी शकुंतला अपने बच्चों के साथ गर्मी के कारण छत पर सो रही थी। तभी कुछ लोग चोरी करने के उद्देश्य से दीवार कूदकर घर में दाखिल हो गए। जाग होने पर महिला ने चीख-पुकार मचा दी। शकुंतला व पड़ोसी चंदन, करन, पप्पू आदि ने घेरकर चोरी करने आए युवक को दबोच लिया। आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम पंकज पुत्र सतवीर सिंह ग्राम उमरी सब्जी पुर थाना पाकबड़ा बताया है। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है । जबकि युवक का मेडिकल आदि कराकर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# मेला और नुमाइश के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन



मुरादाबाद-काशीपुर मुरादाबाद हाईवे से सटे पेट्रोल पंप के पीछे भूमि पर मेला आयोजन के विरोध में लोगों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि इस स्थान पर मेला लगाया गया तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को विवश होंगे।काशीपुर मुरादाबाद हाईवे के निकट नगर के वार्ड नंबर 22 स्थित भूमि पर पेट्रोल पंप के पीछे मेले का आयोजन किए जाने की जानकारी मिलते ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। रविवार को लोगों ने मेला स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी इस स्थान पर मेला लगाया गया तो सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यहां पहले जब मेले का आयोजन किया गया था तब शरारती तत्वों ने कई बार हंगामा किया था। पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। नगर की नई बस्ती वार्ड नंबर 17 निवासी परवीन जहां 10 वर्ष पुत्री जुम्मा की मेला से लौटते समय सड़क पार करते हुए वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई थी। हाईवे के किनारे मेला लगने से लोगों का जीवन असुरक्षित रहेगा। प्रदर्शन में फैजान, जुबेर,इमरान, रिजवान,नासिर,नाजिम, हैदर अली, सलीम अहमद, बबलू आदि मौजूद रहे।

# कुन्दरकी में गोष्ठी में नशे से होने वाली हानियों के बारे में बताया



मुरादाबाद-क्षेत्र के ग्राम जैतपुर पट्टी में शरीफ ग्राम उद्योग विकास केंद्र की ओर से संचालित नशा मुक्ति केंद्र पर मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।आबकारी निरीक्षक बिलारी सिद्धार्थ विक्रम सिंह ने नशे से होने वाली हानियों के बारे में बताया। जिला मद्यनिषेध अधिकारी आलोक कुमार ने युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई। नशे से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया प्रदेश के 31 जिलों में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर बच्चों की दौड़ और ऊंची कूद कराई गई। दो सौ मीटर दौड़ में मोहम्मद अजीम को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार अतुल सैनी और तृतीय पुरस्कार अनस को दिया गया। सौ मीटर में प्रथम पुरस्कार नसीम, द्वितीय पुरस्कार लकी व तृतीय पुरस्कार अनश को दिया गया। लंबी कूद में प्रथम पुरस्कार समीर, द्वितीय पुरस्कार सोनू और तृतीय पुरस्कार राशिद को दिया गया। जादूगर हेमंत ठाकुर ने जादू के माध्यम से सभी ग्राम वासियों को नशा न करने का संदेश दिया। इस मौके पर अमर सिंह सैनी, पवन भाटी, शरीफ हुसैन, रामपाल सिंह, बिलाल हुसैन, साकिम हुसैन, साहिल आदि मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Oil game

The US and other Western countries had expected that Russia would find it difficult to sell oil after their imposition of sanctions. This will destroy its economy. But many countries made it an opportunity to get cheap oil for themselves.““If the strategy of Western countries regarding Ukraine war has not worked, then the main reason for this is the power of oil with Russia. The US and other Western countries had expected that Russia would find it difficult to sell oil after their imposition of sanctions. This will destroy its economy. But many countries made it an opportunity to get cheap oil for themselves. Chief among them are China and India. As a result, while oil and natural gas inflation has caused panic in the US and Europe, India and China are in a better position. This helped Russia. The Russian economy did not collapse in the way that Western countries had expected. Against the inverse dollar, the value of the Russian currency ruble is today at a seven-year high.““According to the latest data, in May, China further increased its oil imports from Russia. Now it has become Russia's largest oil importer. On the other hand, Russia has become China's largest oil exporter, leaving Saudi Arabia behind. China is the second largest economy in the world. Last month it imported 84.2 million tonnes of oil from Russia. This is 55 percent more than in February 2021. In May, China bought 78.2 million tonnes of oil from Saudi Arabia. On February 24, Russia began military action in Ukraine. Countries that have not criticized Russia for this action, apart from India, China is also named. China has also supported Russia on many resolutions in the United Nations. Along with this, China has also helped Russia financially by buying its products in the event of international sanctions. According to the latest international report on oil by the International Energy Agency, in the last two months, India has overtaken Germany in buying crude oil from Russia and has become its second largest importer.

## When Kapil Sharma or his team makes fun of Archana Puran Singh, then know what is the reaction of children

When Kapil Sharma or his team makes fun of Archana Puran Singh, then know what happens to the children's reaction in comedian Kapil Sharma's famous show 'The Kapil Sharma Show', actress Archana Puran Singh (The Kapil Sharma Show). Archana Puran Singh) was seen as a judge. Now Archana is judging 'India's Laughter Champion' along with Shekhar Suman. Archana has been seen as a judge in comedy shows for many years. Kapil Sharma and his team crack a lot of jokes on Archana Puran Singh in 'The Kapil Sharma Show'. Regarding this, the actress has now told how her children and mother react when they make fun of her in The Kapil Sharma Show. What happens when children make fun of Archana - Archana Puran Singh while talking about this said, 'Now children have grown up and they watch Hollywood movies and standup comedy shows. Where people are badly roasted. He has seen since childhood that his mother is roasted in the show since the time of Comedy Circus. They find it quite normal now but I know they must be feeling bad. Husband also says this when jokes are made in the show- Talking about husband Parmeet's reaction, Archana Puran Singh said, 'In this case Parmeet says that all jokes are cracked on him too. But they are never given royalty for this thing. I should be charged for every punch I use in the show, I wash the dishes at home here and do all your chores. Archana's mother enjoys a lot - Archana Puran Singh while talking about her mother's reaction to being mocked on The Kapil Sharma Show said, 'My mother enjoys it a lot. She keeps saying, today Kapil Sharma has said that your mustache grows. So today Kapil said that your dolls are like Sunny Deol. Mother enjoys these jokes a lot. Let us tell you, Archana Puran Singh married actor Parmeet 30 years ago. The couple has two children Aryaman and Ayushmann.



## Poonam Pandey was posing for the paparazzi, Oops moment due to crop top slipping

Poonam Pandey has been in a lot of discussions since her participation in the reality show Lockup. They are often spotted by paparazzi. Poonam Pandey, who is known for her boldness, has a different style of posing. His pictures and videos become viral as soon as they arrive. On Saturday, he was captured by the paparazzi in his camera. During this she wore a braless crop top. Also, he carried golden colored pants. Poonam poses while standing near her car when an oops moment happens with her and her crop top rises up.“The person started coming closer - As soon as Poonam Pandey is standing near her car, many of her fans come to take selfie with her. When a person starts coming too close to him, then the people present there ask him to stay away. After this Poonam sits in the car. Refusing to pose - Poonam's signature style is. She takes out her tongue and poses in an erotic style. When the paparazzi asked her to pose in her style, she says she doesn't have a tongue. Even after several requests from the paparazzi, Poonam does not give her pose and leaves from there. The video has been shared by celebrity photographer Viral Bhayani on his Instagram page. The trick was useful in the lockup- Poonam Pandey added a lot of glamor to the show even while in the lockup. When she came to the nomination, she promised the fans that if she is safe then she will go topless. Poonam got a lot of votes that week.



# अलीगढ़ महानगर की जलभराव स्थिति पर मेयर पूर्ण रूप से जिम्मेदार है-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर के अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अलीगढ़ महानगर में जलभराव की स्थिति को गंभीर बताया इस समस्या के लिए मेयर को जिम्मेदार ठहराया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि जहां जहां भी जलभराव हुआ है इस सड़क निर्माण कार्य दोबारा होना चाहिए इस जलभराव से कई दुर्घटना हो सकती हैं पानी में करंट आ सकता है कोई गटर खुला मिल सकता है किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है इसमें कोई दो राय नहीं मेयर ने कभी इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया कभी इन क्षेत्रों में दौरा नहीं किया यह एक गंभीर लापरवाही है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह मेयर पर यह भी आरोप लगाया है मेयर ने महानगर की सीमा हमेशा जातिवादी के आंकड़े पर कार्य किया है जलभराव नालियों की सफाई एवं अन्य विकास कार्य कुछ भी नहीं किया धनीपुर पूरा क्षेत्र नगर निगम में शामिल है मेयर ने इस क्षेत्र में 3 वर्षों से कोई कार्य नहीं कराया है जब के यहां की एक एक समस्या को मेयर तक पहुंचाया गया



है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि मेयर यह जानते हैं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है विकास कार्य के नाम पर लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

# चोरी का शिवलिंग बरामद, नुकीले भाले के साथ दो गिरफ्तार



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती पुलिस ने 12 घंटे के अंदर किया चोरी का पर्दाफाश थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय हमराह द्वारा मु0अ0स0 257/2022 धारा 457,380,411 आईपीसी से संबंधित अभियुक्त गण 1. गोलू रावत उर्फ प्रमोद कुमार रावत पुत्र मोहनलाल 2. आकाश उर्फ अनुराग रावत पुत्र सोहनलाल निवासीगण मोहल्ला बारी कस्बा थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम इटवरिया से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त गण उपरोक्त के कब्जे से चोरी किया गया एक अदद सफेद रंग का संगमरमर का बना शिवलिंग जो कि अभियुक्त गण के द्वारा बीती रात कस्बा भिनगा स्थित गंगा जमादार प्राचीन शिवाला मंदिर से चोरी किया गया था को बरामद किया गया। अभियुक्त गोलू रावत उर्फ प्रमोद कुमार रावत के कब्जे से एक अदद नुकीला भाला भी बरामद किया गया जिस के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 259/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त गोलू रावत उर्फ प्रमोद कुमार रावत उपरोक्त पंजीकृत किया।

## एटा में डी एम के आदेश पर सपा के पूर्व विधायक के घर पर तीसरे दिन भी कुर्की जारी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- एटा में डी एम के आदेश पर सपा के पूर्व विधायक के घर पर तीसरे दिन भी कुर्की जारी, 14( 1 ) गैंग्स्टर एक्ट के तहत की गई है कुर्की,एटा डीएम अंकित कुमार अग्रवाल के आदेश पर 14( 1 ) गैंग्स्टर अधिनियम एक्ट के तहत की गई है करोड़ों की सम्पत्ति की कुर्की की कार्यवाही, सपा खेमे में मचा हड़कम्प,जनपद एटा के अलीगंज से सपा के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और इनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव पर तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी,पूर्व में भी करोड़ों रुपए की जमीन को किया जा चुका है कुर्क,कोतवाली देहात क्षेत्र में 3.9 करोड़ की अपराध से अर्जित की गई संपत्ति की गई कुर्क,पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव की शीतलपुर में लाखों रुपए की जमीन को भी किया गया कुर्क,अलीगंज में 76 लाख की 24 बीघा जमीन की गई कुर्क,जैथरा एसएचओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह ने 17 लाख की बिल्डिंग को किया कुर्क।

## पनैठी में बन रहा याड,30थानो, के बाहन होंगे स्विफ्ट

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ-थानों को स्वच्छ बस साफ सुथरा बनाने के लिए पनैठी में एकीकृत बाहन याड बनवाया जा रहा है जहां सभी 30 थानों से संबंधित बहनों को शिफ्ट किया जाएगा थानों में साफ सफाई व लोगों को सुविधाएं दिलाने के लिए एसएसपी कलानिधि नैथानी प्रयासरत हैं इसके तहत बीते दिनों में जिले भर के थानों में खड़े क वाहनों की नीलामी करवाई गई वही थानों में खड़े वाहनों के चलते साफ सफाई में दिक्कत आती है ऐसे में इन वाहनों से निजात,दिलाने के लिए एक और कदम उठाया गया है इसके तहत थाना,अकराबाद क्षेत्र के पनेठी में एकीकृत बाहन याड बनवाया जा रहा है जिसकी साफ-सफाई व सीमांकन का कार्य शुरू करा दिया गया है एसएसपी ने इसके लिए एसपी ट्रैफिक व,सीओ बरला को नोडल बनाया है एसएसपी ने बताया कि अब जिले के एक्सीडेंट लावारिस सीज किए गए सभी प्रकार के वाहन थानों में नहीं रहेंगे,

## छापेमारी में 5 घरेलू सिलेंडर जब्त




प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार तथा जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक हरिहरपुररानी रामनरेश यादव तथा पूर्ति निरीक्षक सिरसिया विवेक श्रीवास्तव की टीम द्वारा भिनगा नगर के 05 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा गया। छापे के दौरान चौरसिया भोजनालय पर 02 घरेलू सिलेण्डर तथा श्री बालाजी स्वीट्स एवं नमकीन भिनगा बाजार में 03 घरेलू सिलेण्डर मौके पर उपयोग करते हुए पाए गए, इस प्रकार छापेमारी के दौरान कुल 05 घरेलू सिलेण्डर जब्त किए गए तथा उन्हें भिनगा राज इण्डेन गैस सर्विस, भिनगा की सुपुर्दगी में सुरक्षित रख दिया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने अपील किया है कि समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठान केवल कामर्शियल सिलेण्डर का ही प्रयोग अपने प्रतिष्ठानों पर करें तथा इसका रिकार्ड सुरक्षित रखें, घरेलू सिलेण्डर का उपयोग कदापि न करें। भविष्य में छापेमारी के दौरान व्यावसायिक प्रतिष्ठानों यदि घरेलू सिलेण्डर का उपयोग करते हुए पाए जाते हैं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही सम्पादित की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के स्वामी की होगी।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# महाराष्ट्र संकट: भूपेश बघेल बोले- भाजपा को भुगतना पड़ेगा खामियाजा, 2024 में हार का है डर




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी पर महाराष्ट्र में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि जनता लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने के ऐसे कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम भाजपा को भुगतना होगा। रायपुर में बघेल ने कहा कि भाजपा को 2024 के आम चुनावों में हार का डर है, यही वजह है कि वह (राजनीतिक) उठापटक कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, %भाजपा विपक्षी दलों को बर्दाश्त नहीं कर सकती। यह असहमति का भी सम्मान नहीं करती है। यह (उन्हें) रौंदती है, कुचलती है और खत्म कर देनी चाहती है, (जो इसका विरोध करते हैं)। यह एक लोकतांत्रिक देश है और इस तरह के कृत्यों (सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास) बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा को परिणाम भुगतने होंगे।

### शिंदे संग कई विधायकों ने की है बगावत

आपको बता दें कि शिवसेना के ज्यादातर विधायक महाराष्ट्र के मंत्री एकनाथ शिंदे के पक्ष में हैं और वे गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, जिससे मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार भंवरजाल में फंस गई है। बघेल ने कहा, महाराष्ट्र के लोग देख रहे हैं। पहले वे (शिवसेना के बागी विधायक) गुजरात गए और फिर असम। इसकी क्या जरूरत थी? उन्हें महाराष्ट्र में रहना चाहिए था और पार्टी कार्यकर्ताओं तथा लोगों का सामना करना चाहिए था।

www.knlslive.com

### एमवीए के पक्ष में हैं महाराष्ट्र के लोग

बघेल ने कहा कि बागी विधायकों को आम लोगों की इच्छा के अनुसार निर्णय लेना चाहिए था। जनता उनका (भाजपा) पक्ष में नहीं है। महाराष्ट्र के लोग एमवीए के पक्ष में हैं। उन्होंने दावा किया कि शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के एमवीए गठबंधन से भाजपा डरी हुई है। उन्होंने कहा कि 2024 के आम चुनाव में हार के डर से भाजपा तोड़फोड़ का सहारा ले रही है।

# छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री कोरोना पॉजिटिव, टीएस सिंहदेव ने ट्वीट कर कहा- मैं स्वस्थ, होम आइसोलेशन में हूं



छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने कोरोना जांच कराई, जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसकी जानकारी उन्होंने ट्वीट पर साझा की है। अपने ट्विटर हैंडल पर उन्होंने लिखा कि दिल्ली से लौटकर मैने अपनी कोविड की जांच करवाई, जिसमें मेरी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अभी मेरा स्वास्थ्य ठीक है और चिकित्सकों के परामर्श अनुसार मैं होम आइसोलेशन का पालन कर रहा हूं। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव 21 जून को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से पूछताछ और अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर वसंत कुंज पुलिस थाने में रखा था। इस दौरान कई कांग्रेसी नेताओं के साथ थे। मंत्री सिंहदेव दिल्ली के जंतर-मंतर में कांग्रेस के सत्याग्रह में भी शामिल हुए थे।

### तीसरी बार कोरोना संक्रमित हुए टीएस सिंहदेव

मंत्री टीएस सिंहदेव इससे पहले 2 जनवरी 2022 को भी कोरोना संक्रमित हुए थे। अंबिकापुर में उनकी सेहत खराब हुई थी। उस समय उन्हें हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया था। चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज इलाज किया गया था। जीनोम सिक्वेंसिंग को ओडिशा जांच के लिए भेजा गया था। 11 जनवरी को उनकी रिपोर्ट में ओमिक्रॉन की पुष्टि हुई थी। सिंहदेव 2021 में भी कोरोना संक्रमित हुए थे। मंत्री सिंहदेव तीसरी बार कोरोना पॉजिटिव हुए हैं।

# गायों के झुंड को रौंद कर निकल गई ट्रक, 8 गोवंशों की मौत कई जख्मी, इलाके में तनाव



छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर कत्ल-ए-आम मचा दिया। ट्रक ने यहां सड़क पर गायों की झुंड को रौंद डाला। इस हादसे में कई गायों की मौत हो गई और कई जख्मी हुए हैं। हादसे के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, हादसा शनिवार की रात में हुआ है। गौरेला-पेंड्रा मरवाही में रात के वक्त एक तेज रफ्तार से आ रही ट्रक बेजुबानों के लिए काल बन गई। कोटमी पुलिस चौकी अंतर्गत पथर्रा गांव में तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने सड़क पर बैठे गायों के झुंड को कुचल दिया। इस भयानक हादसे में 8 गायों की मौके पर ही मौत गई। कई गायें सड़क पर जख्मी हालत में पड़ी हुई थीं। सुबह जब लोगों को इस हादसे के बारे में पता चला तब गांव में कोहराम मच गया। तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। घायल गायों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस घटना के बाद पशुपालक अपने मृत गायों को लेने के लिए भी वहां जुटे थे। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर लिया है। 8 गोवंशों की मौत के बाद से इलाके में तनाव फैला हुआ है। पुलिस का कहना है कि लापरवाही से ट्रक चलाने वाले ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# आज सुबह दस बजे से श्री शिरडी साई सर्बदेब मंदिर श्यामगंज के गेट पर आमरण अनशन की शुरुआत

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली - आप सबके संज्ञान मे है ही कि किस तरह से 19 जून 2022 इस्लामियां इन्टर कालेज के मैदान मे आईएमसी के मुखिया मौलाना तौक़ीर रजा खां ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी का हिन्दू होने का मजाक उडाया और कलमा पढने को कहा। मौलाना अपने मन मे हिन्दु धर्म को लेकर किस तरह की मानसिकता और मलिन्ता को सार्वजनिक तौर पर प्रकट किया है इससे हम जैसे लाखो लीगो की भावनाएं आहत हुई है। मौलाना तौक़ीर रजा ने अपने भाषण मे धमकी देकर हिन्दुओ को ट्रेन जलाने बाला बताया और कहा कि मुस्लिमों की बात इसलिए सुनी नही जाती कि हम ट्रेन नही जलाते जिसका मतलब है मौलाना मुस्लिम युवकों को ट्रेन जलाने के लिए भडका रहे है। मौलाना हमारे देश की



चुनी हुई सरकार और देश संविधान पर अविश्वास जताते हुए उसका अपमान करते हुए कहते है। कि हम अपना ज्ञापन यूएनओ मे देगें । इसका मतलब है कि मौलाना हमारे सरकार और संविधान मे आस्था नही रखते। दिनांक 22 जून 2022 को एक प्रार्थनापत्र एफआईआर दर्ज कराने के लिए शहर कोतवाल बरेली के साथ अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली को दिया था। लेकिन अभी तक इस विषय मे कोई कार्यवाही नही हुई। इस सम्बन्ध मे रविवार तक इंतजार किया और आज रविवार दोपहर एक बजे प्रेसबार्ता की जा रही है। बस्तुत: यह मांग और बिरोध का भाव सामाजिक सूचिता और गैर राजनीतिक निर्माण के लिए है । लोकतंत्र मे शक्ति प्रर्दशन और कानून को चुनौती देने की परम्परा का बिरोध हमारा सामाजिक दायित्व है। शब्दो और भावनाओं पर नियंत्रण रखना सामाजिक सद्भाव और समरस्ता का दर्शन हर छोटे बडे ब्यक्ति को सीखना ही होगा माननीय प्रधानमंत्री जी को अनाप-शनाप कहने की आजादी आरजकता है न कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र का भाव। इसी क्षोभ बस मैने तय किया कि अपने आमरण अनशन और सत्याग्रही आचरण से इस बिन्दु को उठाने का निश्चय किया है। 27 जून 2022 सोमवार सुबह दस बजे से श्री शिरडी साई सर्बदेब मंदिर श्यामगंज के गेट पर आमरण अनशन की शुरुआत।

# जीत को हार में बदला गया, रामपुर लोकसभा उपचुनाव में मिली हार पर बोले आजम खान



रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार घनश्याम कोरी ने बड़ा उलटफेर करते हुए जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतद्विंद्वी समाजवादी पार्टी ( सपा ) के उम्मीदवार आसिम रजा से 42 हजार से ज्यादा मतों से हराया है। रामपुर में मिली हार पर सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि जीत को हार में बदला गया।आजम खान ने कहा कि इसे न चुनाव कह सकते हैं न चुनावी नतीजे आना कह सकते हैं। 900 वोट के पोलिंग स्टेशन में सिर्फ 6 वोट डाले गए और 500 के पोलिंग स्टेशन में सिर्फ 1 वोट डाला गया... जिस तरह से वोट डाले गए, हम अपने प्रत्याशी की जीत मानते हैं। वहीं आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम ने कहा है कि इस तरह के चुनाव नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा लोकतंत्र पर ठोकतंत्र भारी पड़ रहा है। हार के बाद आसिम राजा ने भी आरोप लगाया है कि रामपुर में चुनावों को हथिया लिया गया। लोगों को मतदान तक नहीं करने दिया, जहां 600 मतदान डाले जाने थे, वहां चार वोट डाले गए। जहां 500 वोट डाले जाने थे वहां 9 वोट डाले गए। लोग चुनाव के लिए इतने उदासीन नहीं हैं।वहीं, घनश्याम कोरी की जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। उन्होंने ट्वीट कर अपने बधाई संदेश में कहा कि रामपुर लोक सभा सीट पर उप चुनाव में मिली विजय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में जन-कल्याणकारी नीतियों पर डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रति आमजन के वश्विास की मुहर है। सीट से सांसद आजम खान के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई इन दोनों सीटों पर उपचुनाव कराया गया। गत विधानसभा चुनाव में अखिलेश और आजम ने विधायक चुने जाने के कारण लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

# कानपुर सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी का कानपुर दौरा अपने मायने में काफ़ी सफल रहा

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली - कानपुर सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी का कानपुर दौरा अपने मायने में काफ़ी सफल रहा । वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने



कानपुर में आकर यहां की प्रमुख समस्याओं को बहुत ही बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा की मैने पहले कहा था कि भ्रष्ट मुतवल्लियों को हटाया जाएगा। मैं जांच करा रहा हूं जो भी भ्रष्ट होगें उन्हें हरहाल में हटाया जाए गा। उनसे जब पूंछा गया आप के नाम से पैसा मांगने के कुछ वीडियो वायरल हो रहें है ,इसमें क्या हकीकत है उन्होंने कहा की हम इसकी जांच करा रहें है।अली जैदी साहिब ने यह भी कहा कि कर्बला कानपुर तथा कानपुर की और प्रॉपर्टीज की शिकायती आई है।मुतवल्ली के भी खिलाफ शिकायत आई है हम अब कानपुर साहित पूरे प्रदेश में मुतबल्लियो की कार्य प्रणाली पर हर साल समीक्षा करेंगे।अच्छे रिजल्ट आने पर हम प्रोत्साहित करेंगे ,खराब काम पर मुतवल्ली पर विचार करूंगा। कुछ वीडियो के जरिए कानपुर से लगातार मिल रही वक़्फ़ की संपत्तियों पर नाजायज कब्जे व अवैध इमारतें बन जाने की शिकायतों को देखते हुए सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी कानपुर आए थे।जहां ग्वालटोली मकबरा में शूटर गंज मस्जिद चेयरमैन अली जैदी निरीक्षण करने के लिए पहुंचे वहां निरीक्षण करने के बाद ,ग्वालटोली मक़बरा, उसके बाद नवाबगंज बड़ी कर्बला का किया निरीक्षण।

अली जैदी जी ने कह जो भी वक़्फ़ की संपत्तियों पर अवैध कब्जे किए गए हैं या कब्रिस्तानो की जमीनों पर कब्जे कर लिए गए हैं। उन्हें कानूनी कार्यवाही करके जल्द ही कब्जा मुक्त कराया जाएगा और जो अवैध इमारतें वक़्फ़ बोर्ड की बगैर परमिशन के बन गई है उनको पहले नोटिस दिया जाएगा उसके बाद सर्किल रेट के हिसाब से उन से किराया भी वसूला जाएगा । वहीं उन्होंने कहा कि लखनऊ की तर्ज पर कानपुर में भी वक्फ की जमीन चिन्हित की जा रही है इस पर अस्पताल या कॉलेज बनाया जाएगा।।

# एक बार फिर गरजा मिरहची क्षेत्र में योगी का बिल्डोजर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाई गई थी दुकाने गांव अचलपुर के तालाब की गाटा संख्या 666 में 210वर्ग मीटर भूमि पर किया गया था अवैध कब्जा प्रशासन ने दुकानें तोड़कर सरकारी भूमि को कराया कब्जा मुक्त गॉव अचलपुर के तालाब की गाटा संख्या666में 210 वर्ग मीटर भूमि पर किया गया था अबैध कब्जा एसडीएम सदर शिवक्,मार ,ष्ठ काल् सिंह ,तहसीलदार सीपी सिंह व भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके से हटाया जा रहा है अतिक्रमण एटा मिरहची थाना क्षेत्र के अंतर्गत अचलपुर गांव का है पूरा मामला

# बरेली के नए एसएसपी बने सत्यार्थ अनिरुद्ध, रोहित सिंह सजवाण का बरेली से मेरठ तबादला

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बरेली- शासन स्तर पर शनिवार रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण का बरेली से मेरठ तबादला कर दिया गया। 15 सितंबर 2020 को वह बरेली में तैनात हुए थे। रोहित सिंह सजवाण अब मेरठ में बतौर एसएसपी पारी खेलेंगे।वहीं उनकी जगह बरेली में आईपीएस सत्यार्थ अनिरुद्ध को बरेली की कमान सौंपते हुए एसएसपी बनाया गया है।वह अभी तक एसआईटी लाखनऊ में एसपी पद तैनात थे।उन्हें प्रमोट करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है। आईपीएस अनिरुद्ध पंकज काफी तेज तर्रार आईपीएस माने जाते हैं।बता दें कि 69 हजार शिक्षक भर्ती का प्रयागराज में आईपीएस सत्यार्थ अनुरुद्ध पंकज ने ही भंडाफोड किया था।वह 2010 बैच के आईपीएस हैं और मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के रहने वाले हैं। वह इससे पहले प्रयागराज, मथुरा में बतौर एसएसपी सेवा सेवा दे चुके है।इसी के साथ ही वह काफी लंबे समय तक एसटीएफ लखनऊ में भी तैनात रहे हैं।अभी तक कप्तान रहे रोहित सिंह सजवाण ने बरेली में 15 सितंबर 2020 को चार्ज संभाला था। यहां उनका दूसरा कार्यकाल था।

# पुलिस गश्त के अभाव में अपराधियों के हौसले बुलंद,कभी भी दे सकते हैं वारदात को अंजाम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-वैसे तो उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार लॉ एंड ऑर्डर के लिहाज से अच्छा काम कर रही है। कम से कम अपराधियों में बाबा का डर तो है। अच्छा है, होना भी चाहिए। किन्तु, सूबे के जनपद एटा की तहसील सदर एवं थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत आने वाले भगवती सहाय कॉलोनी ( गंगा नगर, सिंध-पंजाब होटल-ढावा के पीछे ) कॉलोनी में पिछले कुछ दिनों से संदिग्ध व्यक्तियों का आवागमन हो रहा है।

गौर करने वाली बात ये है कि वर्तमान में पुलिस का गश्त भी नहीं हो रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं अपराधी पुलिस गश्त के अभाव में रात के अंधेरे में किसी संगीन अपराध को अंजाम दे जाएं। जो भी हो सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटना पुरानी परम्परा है। पर सवाल ये है अपराध होने के बाद जिम्मेदार कौन होगा?

# अब 10 जुलाई के बाद केवल पैदल यात्रा से ही हो पाएंगे बाबा केदार के दर्शन, थमे हेलीकॉप्टरों के पंख



केदारनाथ धाम के लिए 30 जून तक केवल तीन हेलीकॉप्टर ही उपलब्ध रहेंगे। केदार और मंदाकिनी घाटी में केदारनाथ यात्रा के लिए हेली सेवाएं दे रही नौ कंपनियों ने भी अपना बोरिया-बिस्तर समेटना शुरू कर दिया है। एक जुलाई से एक ही हेली कंपनी केदारनाथ यात्रा के लिए अपनी सेवाएं देगी। उत्तराखंड में जल्द आ रहे मानसून से केदारनाथ और मंदाकिनी घाटी में पिछले करीब डेढ़ महीने से उड़ान भर रहे हेलीकॉप्टरों के पंख थमने लगे हैं। 10 जुलाई के बाद हेली सेवा अस्थाई रूप से बंद हो जाने के बाद श्रद्धालुओं के पास बाबा केदार के दर्शन के लिए केवल पैदल ही यात्रा का विकल्प होगा। बरसात थमने के बाद फिर से हेली सेवा शुरू होंगी। मौसम विभाग ने प्रदेश में 28 जून तक मानसून आने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए केदार और मंदाकिनी घाटी में केदारनाथ यात्रा के लिए हेली सेवाएं दे रही नौ कंपनियों ने भी अपना बोरिया-बिस्तर समेटना शुरू कर दिया है। 24 जून तक नौ में से छह हेली कंपनियां लौट चुकी थीं। 30 जून तक तीन और हेली कंपनियां चली जाएंगी। एक जुलाई से केवल एक हेली कंपनी केदारनाथ यात्रा के लिए अपनी सेवाएं देगी। यह कंपनी भी 10 जुलाई के बाद सेवा बंद कर देगी। सूत्रों के मुताबिक ये सभी कंपनियां अमरनाथ यात्रा में चली जाएंगी। पैदल यात्रा करनी होगी 10 जुलाई के बाद जो श्रद्धालु केदारनाथ की यात्रा करने आ रहे हैं, उन्हें 18 से 20 किमी की दूरी पैदल नापने के लिए तैयार रहना होगा। हवाई सेवा उपलब्ध नहीं होने की वजह से यात्रा पैदल ही संभव हो पाएगी। हालांकि पिट्ठू और घोड़े-खच्चर उपलब्ध रहेंगे। 80 हजार श्रद्धालुओं ने की हेली से केदारनाथ की यात्रा छह मई से केदारनाथ के लिए यात्रा खुली थी। तब से 24 जून तक 80 हजार श्रद्धालुओं ने हेलीकॉप्टर से केदारनाथ की यात्रा की। हेली सेवा की सुविधा का ज्यादा लाभ बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को मिला, जिनके लिए 18 से 20 किमी की पैदल यात्रा करने में कठिनाई थी। अगस्त व सितंबर में लौटेंगी हेली कंपनियां अनुमान है कि अगस्त माह में मानसून के कमजोर पड़ने और बरसात थमने के बाद हेली कंपनियां अपनी सेवाएं देने के लिए लौट आएंगी। सितंबर महीने में हेली सेवाएं पूरी तरह से शुरू हो जाएंगी। मानसून को देखते हुए हेली कंपनियां चली गई हैं। एक जुलाई से केवल एक कंपनी ही केदारनाथ घाटी में अपनी सेवाएं देगी। 10 जुलाई के बाद यह कंपनी भी लौट जाएंगी। जब मानसून कमजोर पड़ेगा तो कंपनियां फिर से सेवाएं शुरू कर देंगी। -सी. रविशंकर, निदेशक, यूकाडा

# आप के नक्शे कदम पर चली राजस्थान सरकार, कोटा में खोलेगी जनता क्लीनिक, केजरीवाल बोले- देश ऐसे ही आगे बढ़ेगा



लोगों को मुफ्त दवा और इलाज मुहैया कराने के लिए राजस्थान सरकार कोटा में दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर %जनता क्लीनिक% खोलने जा रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजस्थान सरकार के इस कदम की शनिवार को सराहना करते हुए इस योजना के क्रियान्वयन में अपनी सरकार के सहयोग की पेशकश की है।मीडिया में आई एक खबर का संज्ञान लेते हुए केजरीवाल ने कहा कि राजस्थान सरकार ने उनकी सरकार द्वारा दिल्ली में बने मोहल्ला क्लीनिक से सीख लेते हुए जनता क्लीनिक शुरू करने का फैसला किया है। केजरीवाल ने शनिवार को एक ट्वीट कर कहा कि मुझे खुशी है कि राजस्थान सरकार भी मोहल्ला क्लीनिक शुरू कर रही है। हम सबको एक दूसरे से अच्छे काम सीखने हैं और उन्हें पूरे देश में लागू करना है, तभी देश आगे बढ़ेगा। केजरीवाल ने कहा कि अगर राजस्थान सरकार को इसे लागू करने में किसी मदद की जरूरत होगी तो हमें बहुत खुशी होगी। बता दें कि, राजस्थान सरकार के इस कदम के लिए केजरीवाल की सराहना ऐसे समय आई है जब उनकी आम आदमी पार्टी ( आप ) अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस शासित राज्य में सक्रिय रूप से पैर जमाने की कोशिश कर रही है।

# कांवण यात्रा की तैयारियों में जुटा प्रशासन, मेरठ एसपी ने किया रुट का निरीक्षण



मेरठ में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गया है। शनिवार को एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने एसपी देहात केशव कुमार और एसपी ट्रैफिक जितेंद्र श्रीवास्तव के साथ कांवड़ रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ उनका पूरा फोकस ट्रैफिक व्यवस्था पर रहा। इस निरीक्षण को रविवार को एडीजी जोन राजीव सभरवाल और आईजी रेंज प्रवीण कुमार के साथ होने वाली बैठक की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। तीन दिन पहले डीएम दीपक मीणा ने एसएसपी प्रभाकर चौधरी को साथ लेकर पूरे कांवड़ रूट का निरीक्षण किया और कई बिंदुओं पर चर्चा की। अगले ही दिन इस रूट के गड्ढे भरने का काम शुरू हो गया। शनिवार को एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने भी अपनी तैयारियों को रफ्तार देनी शुरू कर दी। उन्होंने एसपी देहात केशव कुमार व एसपी ट्रैफिक जितेंद्र श्रीवास्तव के साथ पूरे कांवड़ रूट का निरीक्षण किया। बहसूमा आदि रूटों से होते हुए तीनों अफसरों ने मुजफ्फरनगर की सीमा तक हालातों को देखा। सुरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक पर उनका खासा फोकस रहा। एसएसपी ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था तैयार हो, जो लंबे समय तक चल सके।

# किशोरी के ऊपर एसिड अटैक की सूचना निकली झूठी, किशोरी के दोस्त ने रची झूठी कहानी, सीसीटीवी फुटेज से सच हुआ उजागर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शकंर सिहं ने आज रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गत 24 जून को थाना कोतवाली नगर पर वादिया द्वारा इस आशय की लिखित सूचना दी गई कि उसकी पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष दिनांक 23 जून को शाम घर आ रही थी कि तभी पास के मोहल्ले के रंजीत नट पुत्र छोटेलाल निवासी शांती नगर थाना कोतवाली नगर व एक अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर पीछे से आये तथा वादिया की पुत्री को खींचने का प्रयास किया और विरोध करने पर उसके ऊपर तेजाब डालकर भाग गये। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 430/2022 धारा 326ए, 354 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। प्रारम्भिक तथ्य के आधार पर दिनांक 25022 कोतवाली नगर पुलिस द्वारा घटना में नामजद आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि घटना की विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के



अनुक्रम में घटना की सीसीटीवी फुटेज में एक लाल रंग की एक्टिवा जिस पर तथाकथित पीड़िता व उसके पीछे एक पुरुष के बैठे होने तथा एक्टिवा के फिसलकर पलटने से तथाकथित पीड़िता व उसके पीछे युवक को चोटें आना ज्ञात हुआ। पीछे बैठे युवक की पहचान जीसान पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मारहरा दरवाजा थाना कोतवाली नगर के रुप में हुई। आज रविवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा प्रकाश में आए आरोपी युवक जीसान को मारहरा दरवाजा, ईदगाह मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया गया है साथ ही मुकदमा उपरोक्त में धारा 211, 195, 120बी भादवि की बढोत्तरी की गई है। प्रकरण में थाना कोतवाली नगर से नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जेल अधीक्षक को तुलसी सम्मान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- जेल सुधारों के क्षेत्र में पिछले 16 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य करने वाली अग्रणी सामाजिक संस्था राष्ट्रीय युवा शक्ति के तत्वाधान में 16 जून 2022 को कासगंज के डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित नशा मुक्त समाज आंदोलन कार्यक्रम में जनपद कारागार एटा के जेल अधीक्षक अमित चौधरी को तुलसी सम्मान से विभूषित किए जाने की घोषणा की गई थी द्य केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री कौशल किशोर के द्वारा तुलसी सम्मान प्रदान किए गए थे किंतु कार्यक्रम में उपस्थित ना रहे पाने के कारण अमित चौधरी को यह सम्मान जनपद कारागार एटा पहुंचकर कार्यक्रम संयोजक जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने सौंपा। जेल अधीक्षक अमित चौधरी को यह सम्मान जनपद कारागार में बंदियों के बीच नशे को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने एवं बंदियों को नशा मुक्त रखने हेतु सकारात्मक का वातावरण बनाने के लिए प्रदान किया गया। तुलसी सम्मान से विभूषित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जनपद कारागार एटा के अधीक्षक अमित चौधरी ने कहा कि सम्मान से व्यक्ति को प्रेरणा मिलती है द्य जब कोई व्यक्ति कोई संस्था इस तरह का कार्य करती है कि समाज लाभान्वित हो तो यह आवश्यक हो जाता है कि उसके कार्यों का उचित मूल्यांकन करते हुए उसकी हौसला अफजाई की जाए और तुलसी सम्मान इसी दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। कार्यक्रम संयोजक जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने कहा कि नशा समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है द्य आज युवा पीढ़ी को इस दिशा में सोचने की आवश्यकता है और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है जिसके माध्यम से समाज में वह व्यक्ति जो नशे की लत के शिकार हैं और अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं उन्हें विकास की मुख्यधारा से जुड़ कर जीवन के महत्व को समझाते हुए भारत को नशा मुक्त बनाने की दिशा में पहल प्रारंभ की जाए। इस अवसर पर जिला कारागार एटा के जेलर आर के सचान उप जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी सहित जेल प्रशासन के कई लोग उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# तीन साल तक प्यार फिर हत्या, प्रेमिका ने जहर देकर इस कारण किया प्रेमी का मर्डर



बरेली। किला इलाके में प्रेमिका व उसके परिवार ने युवक को खाने में जहर देकर उसकी हत्या कर दी। मरने से पहले युवक ने फोन कर पत्नी को जानकारी दी। थाना किला में मुकदमा दर्ज कराया गया है। किला में हुसैन बाग हरी मस्जिद के रहने वाले बाबू खान ने बताया कि तीन साल पहले वे अपने 26 वर्षीय बेटे साजिद खान की शादी का रिश्ता लेकर हुसैन बाग की ताहिर की पुत्री आशी के घर गए थे। उस समय उसके परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया। वहीं उनके बेटे साजिद की मुलाकात आशी से हुई थी। दोनों का मिलना-जुलना शुरू हो गया। इधर, साजिद की शादी दो साल पहले बुलंदशहर में कर दी। शादी के बाद भी साजिद और आशी के बीच मोबाइल से बातचीत होती रही। आरोप है कि पिछले काफी दिनों से साजिद को आशी ब्लैकमेल कर रही थी। 24 जून को आशी, उसकी बहन आफरीन, भाई मोना व पिता ताहिर ने साजिद खां से फोन पर रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर अपहरण कर हत्या करने की धमकी दी। साजिद खान की पत्नी शीबा ने एक शिकायत पुलिस से की थी। 24 जून की ही रात 11 बजे साजिद को कॉल आई। जब घर से बाहर गए तो देखा वह उल्टी कर रहा था। उसने कहा कि खाने में जबरदस्ती जहर दे दिया गया है। मेरा बचना मुश्किल है। बाद गंभीर हालत में उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस को तहरीर दी गई। थाना किला में हुसैन बाग की रहने वाली उसकी प्रेमिका आशी, भाई मोना, बहन आफरीन व पिता ताहिर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीन साल में लव के बाद ब्लैकमेलिंग और हत्या

आशी और साजिद के बीच तीन साल से अफेयर चल रहा था। वह काफी दिनों से एक-दूसरे से मिलते थे, लेकिन उनकी शादी नहीं हो पाई। इसी बीच बुलंदशहर की शीबा के साथ साजिद की शादी हो गई। शादी के बावजूद दोनों फोन पर बातचीत करते थे। बीच-बीच में मिलते भी रहते थे। अचानक आशी ने साजिद को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। मामला बढ़कर हत्या तक पहुंच गया। इंस्पेक्टर किला ने बताया कि चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वाराणसी में अलसुबह दर्दनाक हादसा, ट्रक की चपेट से साइकिल सवार युवकों की मौत



वाराणसी में मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के मनापुर छतेरी गांव स्थित कछवांरोड-कपसेठी मार्ग पर रविवार तड़के साइकिल सवार दो युवकों को ट्रक ने कुचल दिया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरे की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दोनों घर से शौच के लिए निकले थे। छतेरी निवासी इरफान अंसारी (20) वर्ष व कैफ अंसारी (19) तड़के लगभग 5 बजे से शौच के लिए जा रहे थे। उसी समय कछवांरोड के तरफ से कपसेठी की और जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों युवकों को कुचल दिया। इरफान की मौके पर मौत हो गई। कैफ अंसारी को परिजन लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मौके पर थाना प्रभारी हरिनाथ भारती पहुंचे। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मृतकों के परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल रहा। इरफान अपने माता पिता की पांच सन्तानो में तीसरे नम्बर पर था। पावरलूम चलाकर अपने परिवार का खर्च चलाता था। कैफ अंसारी अपने पिता की चार सन्तानो में दूसरे नम्बर का व स्नातक का छात्र बताया गया। इरफान अंसारी व कैफ चाचा भतीजा थे।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# न्यूजीलैंड में T20 वर्ल्ड कप 2022 की तैयारी करेगी पाकिस्तान की टीम, PCB चीफ रमीज राजा का ऐलान

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय झ20ढ्ढ सीरीज में राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के हिस्सा लेने की पुष्टि की है। पाकिस्तान की टीम इस ट्राई सीरीज के जरिए टी20 वर्ल्ड कप 2022 की तैयारी करेगी। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में लगभग एक जैसी परिस्थितियां होती हैं। इसका फायदा टीम को वर्ल्ड कप में मिलेगा। पीसीबी चीफ ने खेल पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि पाकिस्तान,




न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच त्रिकोणीय सीरीज होगी, जिसकी पुष्टि बोर्ड ने कर दी है। उन्होंने कहा, 卐15 सितंबर को यहां पाकिस्तान में होने वाले इंग्लैंड दौरे की पुष्टि की तारीखों को प्राप्त करने के बाद हमने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा आयोजित होने वाली त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान की नेशनल टीम की हिस्सेदारी की पुष्टि की है।卐 रमीज ने कहा, 卐मैं चाहता था कि मेरी टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई वातावरण में कमोबेश कुछ अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। अब टीम को न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान अपने संयोजन और प्रमुख खिलाड़ियों के फॉर्म का परीक्षण करने का अच्छा मौका मिलेगा।卐 पाकिस्तान की टीम के डबल हेडर सीरीज में शामिल होने के लिए 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होने की उम्मीद है। ईं क्रिकेट जल्द ही शेड्यूल की घोषणा करेगा।

# कप्तान रोहित शर्मा कोरोना संक्रमित, बीसीसीआई की मेडिकल टीम कर रही देखभाल




भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट की तरीख पास ही है, इस बीच कप्तान रोहित शर्मा का कोरोना पॉजिटिव पाया जाना काफी चिंताजनक है। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज विराट कोहली भी कोरोना की चपेट में आ गए थे। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा शनिवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट में कोरोना संक्रमित पाए गए। इसकी जानकारी बीसीसीआई ने ट्विटर के जरिए दी। साथ ही बताया कि कप्तान रोहित शर्मा फिलहाल टीम होटल में आइसोलेशन में है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में है।

### अश्विन और विराट भी आ गए थे कोरोना की चपेट में

इससे पहले भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी कोरोना की चपेट में आ गए थे। इस वजह से वह बाकी खिलाड़ियों के साथ लंदन नहीं गए थे। हालांकि, अब वह ठीक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले हफ्ते लंदन पहुंचे विराट कोहली भी कोरोना संक्रमित पाए गए थे। हालांकि, अब वह भी ठीक हैं।

### एक जुलाई से शुरू होगा टेस्ट

भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट की शुरुआत एक जुलाई से होगी। यह पिछले साल हुई टेस्ट सीरीज का हिस्सा है। पिछले साल भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड पहुंची थी, लेकिन चार मैचों के बाद भारत के कुछ खिलाड़ी और कोच कोरोना संक्रमित पाए गए थे। ऐसे में टीम इंडिया ने चार टेस्ट के बाद पांचवां टेस्ट खेलने से मना कर दिया था। उसी टेस्ट को इस दौरे पर कराया जा रहा है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। यह टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है।

### तीसरे दिन भारत का स्कोर 364/9

भारत और लीसेस्टरशायर के बीच चार दिवसीय प्रैक्टिस मैच लीसेस्टर में खेला जा रहा है। शनिवार (25 जून) को मुकाबले का तीसरा दिन रहा। भारत ने पहली पारी में आठ विकेट पर 246 रन बनाए थे। वहीं, लीसेस्टरशायर की टीम पहली पारी में 244 रनों पर सिमट गई थी। इस तरह भारत को दूसरी पारी में दो रन की बढ़त मिली। टीम इंडिया फिलहाल अपनी दूसरी पारी खेल रही है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाकर 364 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया की बढ़त अब तक 366 रन की हो चुकी है।

# टी20 सीरीज से पहले कोच लक्ष्मण ने दिया गुरुमंत्र, कप्तान हार्दिक ने कर दिया खुलासा




आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में हार्दिक पांड्या पहली बार टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं और वीवीएस लक्ष्मण पहली बार भारतीय टीम के कोच बने हैं। भारत और आयरलैंड के बीच टी20 सीरीज में हार्दिक पांड्या पहली बार भारतीय टीम के कप्तान बने हैं। इसके साथ ही वीवीएस लक्ष्मण को पहली बार राष्ट्रीय टीम का कोच बनाया गया है। दो टी20 मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ी नहीं हैं। टीम इंडिया मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी कर रहे हैं। टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले कोच लक्ष्मण ने हार्धिक पांड्या और टीम के बाकी खिलाड़ियों को सिर्फ एक बात पर ध्यान देने के लिए कहा है। हार्दिक ने बताया कि कोच लक्ष्मण ने उनसे कहा कि इस मैच को भी उसी तरह से खेलना है, जैसे आप भारत के लिए बाकी मैच खेलते हैं। आयरलैंड की टीम को कमजोर आंकने की भूल नहीं करना है।

### आयरलैंड के खिलाफ खेल रहे हैं- यह कहना आसान

हार्दिक ने मैच से पहले कहा 卐आयरलैंड के खिलाफ खेल रहे हैं। यह कहना आसान है, लेकिन भारत के लिए खेलना सबसे ज्यादा गर्व की बात है। अगर हमें विश्व कप जीतना है तो यहां से हर मैच हमारे लिए जरूरी है ताकि हम विश्व कप के फाइनल तक पहुंच सकें। मैंने सभी को पहली बात यही कही है कि यह मायने नहीं रखता कि हम किसके खिलाफ खेल रहे हैं। हमें अपनी खुद की चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है।卐 हार्दिक ने आगे कहा कि वो हर मैच को एक ही तरीके से लेते हैं। चाहे वो विश्व कप का मैच हो, किसी बड़ी सीरीज का मैच हो या छोटी टीमों के खिलाफ मुकाबला हो। यह मानसिक रूप से मजबूत रहने से जुड़ा है। दो मैचों में लय पकड़ना आसाना नहीं है, लेकिन हम भारत के लिए खेल रहे हैं और हमें हर हाल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है, जो कि हम करेंगे।

### युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

इस सीरीज में रोहित और कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों के न होने से युवा खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। पिछली सीरीज में पारी की शुरुआत करने वाले ईशान किशन और ऋतुराज को इस सीरीज में भी मौका मिलना लगभग तय है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह या उमरान मलिक को अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू करने का मौका मिल सकता है।

### आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

हार्दिक पांड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उपकप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, राहुल त्रिपाठी, दीपक हुड्डा, वेंकटेश अय्यर, अक्षर पटेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आवेश खान, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई।